## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री लखन पटेल आज कुरवाई पहुंचेंगे

**विदिशा।** पशुपालन एवं डेयरी स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल शनिवार को कुरवाई में मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री पटेल का प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार शनिवार सुबह 9 बजे भोपाल से रवाना होकर दोपहर 12 बजे कुरवाई में मुख्यमंत्री के निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे कुरवाई से दमोह जिले के लिए रवाना होंगे।

### महामाई मंदिर पर आज होगी महाआरती

**विदिशा।** मोहनगिरि स्थित अषाढ़ी माता मंदिर पर शनिवार को माता महामाई की भव्य महाआरती की जाएगी। महाआरती शाम 7.30 बजे शुरू होगी। श्रद्धालुओं ने महाआरती में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

### गरबा महोत्सव 2025 का आयोजन आज से

**विदिशा।** एकलव्य सोशल एंड कल्चरल ग्रुप द्वारा परिणय गार्डन में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 27, 28, 29 और 30 सितंबर की शाम 6 बजे से शुरू होगा। आयोजकों के अनुसार यह शहर का सबसे पुराना और सबसे भव्य गरबा उत्सव है। आयोजन समिति ने बताया कि इस बार विशेष आकर्षण के साथ पारंपरिक व आधुनिक दोनों तरह के गरबा-डांडिया की प्रस्तुतियां होंगी। आयोजन समिति ने विश्वास जताया है कि यह गरबा महोत्सव सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को और मजबूत करेगा।

### महिला स्वास्थ्य एवं रक्तदान का लगाया

**ग्यारसपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ नारी, स्वस्थ परिवार अभियान के अंतर्गत महिला स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बीएमओ एन. अहिरवार ने बताया कि यह शिविर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 500 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें खून की कमी, कैंसर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य बीमारियों का परीक्षण एवं उपचार किया गया। इसके साथ ही सात यूनिट रक्तदान भी हुआ। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, स्थानीय सरपंच राजू कुशवाह, एसडीएम शशि मिश्रा, डॉक्टर तखत सिंह मीणा, सुपरवाइजर गणेशराम विश्वकर्मा मौजूद रहे।

### एसोसिएशन ने विश्व फार्मासिस्ट डे मनाया

**विदिशा।** विश्व फार्मासिस्ट डे उपलक्ष्य में एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने विश्व फार्मासिस्ट डे मनाया। सभी फार्मासिस्ट के अधिकारों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें जहां दवा वहां फार्मासिस्ट चर्चा की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष गगन शर्मा, संग़ठन मंत्री महेंद्र किरार, जिला सचिव शैलेंद्र रघुवंशी, फार्मासिस्ट दीपक तेनगुरिया अमित तिवारी, संजय अहिरवार, शाकिर खान, दिनेश शर्मा, विशाल धाकड़ मौजूद रहे।

# कांग्रेस का दावा हमारी पार्टी लाई है अविश्वास प्रस्ताव, भाजपा नेता और जिलाध्यक्ष की चुप्पी लगा रही कांग्रेस पार्टी के दावे पर मोहर, अंदर ही अंदर चल रही तिकड़म

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के पहले कदम से लेकर तब तक भाजपा के नेता और पार्षद ही आगे रहे हैं।

नपाध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों की जांच की मांग खुद विधायक मुकेश टंडन ने की थी। इससे यह बात साफ हो गई है कि भाजपा ही अपनी पार्टी के नपाध्यक्ष को हटाने का प्रयास कर रही है। लेकिन एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बयान दिया की नपाध्यक्ष को हटाने के लिए कांग्रेस द्वारा अविश्वासन प्रस्ताव लाया जा रहा है और भारतीय जनता पार्टी और उनके पार्षद इस प्रस्ताव का समर्थन कर रहे हैं तो मामला और भी पेंचीदा हो गया। अब सवाल यह उठता है कि क्या भाजपा के पार्षद और स्थानीय नेता कांग्रेस का साथ दे रहे हैं। क्योंकि कांग्रेस जिलाध्यक्ष के इस बयान के बाद भाजपा की ओर से कोई भी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। भाजपा जिलाध्यक्ष से लेकर पूरी पार्टी इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। इससे 38 पार्षदों द्वारा हस्ताक्षर कर कलेक्टर अंशुल गुप्ता को दिए गए आवेदन का श्रेय भी कांग्रेस को ही जाता है क्योंकि कांग्रेस इस अविश्वास प्रस्ताव को उनकी पार्टी द्वारा लाया जाना बता रही है। जबकि इस आवेदन पर भाजपा के सभी पार्षदों के हस्ताक्षर हैं। इससे ऐसा कहा जा सकता है कि कांग्रेस के इशारे पर भाजपा के पार्षद और नेता काम कर रहे हैं। पूरे मामले में अब अंदर ही अंदर तिकड़म चल रही है और कोई कुछ कहने तैयार नहीं है।

### इस बात पर भी संशय

यदि जनता द्वारा की गई वोटिंग में परिणाम नपाध्यक्ष के खिलाफ आते हैं तो क्या सिर्फ नपाध्यक्ष को हटाया जाएगा या फिर पूरी नगरपालिका भंग हो जाएगी इस बात पर संशय बना हुआ है। वहीं यह भी स्पष्ट नहीं है कि खाली कुर्सी को कितने वोट मिलने पर नपाध्यक्ष को अयोग्य मना जाएगा या कितने वोट मिलने पर नपाध्यक्ष इस पद के लिए योग्य रहेंगे। खाली कुर्सी जीती तो चुनाव नए सिरे से होंगे या जनता सिर्फ नया नपाध्यक्ष चुनने के लिए वोटिंग करेंगी यह स्थिति भी अभी स्पष्ट नहीं है।

### पार्षदों को नहीं थी इसकी जानकारी

दरअसल पार्षदों को इस बात की जानकारी ही नहीं थी कि राज्य शासन ने नगर पालिकाओं के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। इस गाइडलाइन के अनुसार यदि किसी अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है और वह पास हो जाता है, तो फिर खाली कुर्सी भरी कुर्सी का चुनाव होगा। यह बात सामने आते ही पार्षदों में खलबली मच गई। पार्षदों की रणनीति यह थी कि पहले अध्यक्ष इस्तीफा देंगी, उसके बाद कुछ समय के लिए किसी एक को कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया जाएगा। बाद में पार्षदों की वोटिंग कराकर नया अध्यक्ष चुन लिया जाएगा।

## सीएम का आगमन: दिनभर तैयारियों में जुटे रहे प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिध

# 250 करोड़ रुपए से अधिक के 80 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 27 सितंबर को विदिशा जिले की कुरवाई में आयोजित कार्यक्रम में करोड़ों की लागत के निर्माण कार्यो का लोकार्पण, शिलान्यास व विभिन्न योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को हितलाभ वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी का प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार शनिवार की दोपहर 12 बजे भोपाल से हेलीकाप्टर द्वारा रवाना होंगे और दोपहर 12.30 बजे कुरवाई के ग्राम रूसिया हेलीपेड स्थल पर आगमन और दोपहर 12.30 बजे से कुरवाई के शासकीय महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को हितलाभ व निर्माण कार्यो का लोकार्पण, शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 2.30 बजे रूसिया हेलीपेड पर पहुंचकर हेलीकाप्टर से शिवपुरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 80 निर्माण कार्यों का होगा भूमिपूजन और लोकार्पण



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुरवाई में आयोजित कार्यक्रम में 258.10 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों व निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण, शिलान्यास करेंगे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा विदिशा जिले की कुरवाई, विदिशा, सिरोंज, शमशाबाद और बासौदा विधानसभा के लिए 92.70 करोड़ की लागत के 46 निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और 165.40 करोड़ की लागत के 34 निर्माण कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास किया जाएगा। कुरवाई विस में 28.10 करोड़ की लागत के 19 निर्माण कार्यों, विदिशा विधानसभा में 25.75 करोड रुपए की लागत के 9 निर्माण कार्यों, सिरोंज विधानसभा में 4.17 करोड़ की लागत के 3 निर्माण कार्यों, शमशाबाद विस में 28.07 करोड़ की लागत के 13 निर्माण कार्यों और बासौदा विधानसभा में 6.61 करोड़ की लागत के दो निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कुरवाई में आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री मोहन यादव इन कार्यों का भूमिपूजन करेंगे

50 लाख की लागत से सामुदायिक पार्क एवं पेपर ब्लाक का कार्य, जनपद पंचायत नटेरन और विदिशा में 25-25 लाख की लागत से एक-एक सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया जाएगा। 35 लाख की लागत से बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य केजीबीव्ही बालिका छात्रावास आमखेड़ासूखा, नटेरन में, 18.88 करोड़ की लागत से 5 निर्माण कार्य जिनमें सोमवारा चम्पाखेडी नानकपुर मार्ग लंबाई 12.80 किमी में मजबूतीकरण कार्य, ग्राम रजौदा से ऐंचदा मार्ग लंबाई 3.20 किमी, पीपलखेडा बवचिया मूंडराचंद मार्ग लंबाई 2.80 किमी में मजबूतीकरण कार्य शामिल है। वहीं ग्राम पंचायत अरवरिया के स्टाप डेम से अरवरिया बेरखेड़ी नदी पुल तक लंबाई 0.60 किमी एवं ग्राम पंचायत थान्नेर से गुफामंदिर रोड पर जिन्द माहाराज के स्थान तक लंबाई 0.60 किमी कुल लंबाई 1.20 किमी, ग्राम देवखजूरी में मुख्य सडक से गरीब निकुंज कालोनी लंबाई 1 किमी शामिल हैं। 5.25 करोड़ की लागत से जनपद पंचायत भवन निर्माण, 1.01 करोड़ की लागत से 33/11 केवी उपकेंद्र डांगरवाड़ा में अतिरिक्त 3.15 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर स्थापना का लोकार्पण किया जाएगा।

### 13.20 करोड़ रु. की लागत से चार सड़कों का लोकार्पण

45 लाख की लागत से ग्रेवल सडक निर्माण जरोदी से अशोक नगर मुख्य मार्ग लंबाई एक किमी जप. बासोदा। 71 लाख की लागत से ग्राम भौरासा में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य सीएचओ आवास का लोकार्पण कया जाएगा। वहीं 11.06 करोड़ की लागत से संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन का निर्माण कार्य, 1.18 करोड़ की लागत से ग्रेवल सड़क निर्माण मेनरोड से पीरोठा मार्ग लंबाई 2.50 किमी का लोकार्पण होगा। 7.22 करोड़ की लागत से तीन निर्माण कार्य ग्राम आगासौद में नवीन 33/11 केवी उपकेन्द्र की स्थापना का कार्य, ग्राम महुआखेडी बिलोची में नवीन 33/11 केवी उपकेन्द्र की स्थापना का कार्य, ग्राम इकलोद इकोदिया में नवीन 33/11 केवी उपकेन्द्र की स्थापना का कार्य का लोकार्पण करेंगे। 4.23 करोड़ की लागत से उमरछा से कुलहार स्टेशन वाया सिनोटा मार्ग निर्माण लम्बाई 4 किमी, 7.36 करोड़ की लागत से हनौता सिंचाई परियोजना अन्तर्गत ग्राम जाजपोन में पुर्नवास एवं पुर्नवासन कॉलोनी का लोकार्पण सीएम करेंगे। इसके अलावा 99 लाख की लागत से जिला आयुष अधिकारी कार्यालय भवन का निर्माण तथा परिसर विकास का कार्य, 4.4 करोड़ की लागत से विदिशा में 50 सीटर अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास भवन का निर्माण कार्य, 16.65 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का, 2.80 करोड़ की लागत से ग्राम धतुरिया में उपकेन्द्र का लोकार्पण करेंगे।

### अन्नपूर्णा दरबार की भव्य ध्वज यात्रा आज

**विदिशा।** लोहांगी पहाड़ी पर मां अन्नपूर्णा का सिद्ध स्थान है। पिछले करीब 12 वर्षों से मां अन्नपूर्णा सेवा समिति द्वारा झंडा यात्रा निकाली जाती है। इस बार यह भव्य झंडा यात्रा शनिवार को चिंतामन गणेश मंदिर डंडापुर से सुबह 12:30 प्रारंभ होगी। जो नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई लोहंगी पहाड़ी पर मॉ अन्नपूर्णा की भव्य आरती एवं प्रसादी वितरण के साथ संपन्न होगी। इस यात्रा में नगर के समस्त सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के लोग शामिल होंगे। यह जानकारी समिति के संस्थापक महिपाल सिंह राजपूत ने दी।

### आनंदपुर पुलिस ने 10 पेटी अवैध शराब पकड़ी




**विदिशा।** आनंदपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम जावती से आगे सुनखेर रोड पर दबिश देकर 10 पेटी शराब जब्त की है। वहीं एक बाइक भी बरामद की गई है। मौके पर मौजूद दो आरोपी भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। दोनों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने देशी प्लेन शराब की 10 पेटी, एक बाइक, और आरोपियों से दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

# संविदा आउटसोर्सिंग और अंशकालिक कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर प्रदेश महामंत्री को सौंपा ज्ञापन

*कर्मचारियों को कई प्रकार की आर्थिक मानसिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



संविदा आउटसोर्सिंग,अंशकालीन एवं अन्य कई कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण के लिए भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यालय ठेंगड़ी भवन भोपाल पहुंचकर प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर को विदिशा रायसेन के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी के एक प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन दिया।

महामंत्री से आग्रह किया कि आपकी जब भी प्रदेश के मुख्यमंत्री से भेंट हो तो हमारी जायज मांगों को रखा जाए। इसी प्रकार कुछ जगह तृतीय एवं चतुर्थी श्रेणी कर्मचारियों को कलेक्टर रेट से भी कम वेतन दिया जा रहा है जबकि अनेकों कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने एवं कइयों कि मृत्यु होने के बाद जगह खाली होने के बाद भी न ही रेगुलर किया जा रहा है और न ही कलेक्टर रेट दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में कई प्रकार की आर्थिक मानसिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है। महामंत्री ने सभी को विश्वास दिलाते हुए कहा की हम शीघ्र ही मुख्यमंत्री से भेंटकर आपकी समस्याओं का निराकरण कराएंगे। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से महेंद्र सोनी, अशोक कुशवाह, रघुवीर सेन, जसवंत सिंह कुशवाह आदि शामिल रहे।

### रास्ता भटकी 80 साल की वृद्धा को डायल- 112 ने परिजन से मिलाया

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** थाना गुलाबगंज क्षेत्र में सोजना गांव में एक 80 वर्षीय वृद्ध महिला मिली। जिसे पुलिस सहायता की आवश्यकता थी। यह सूचना गुरुवार शाम 7:30 बजे पुलिस को मिली। तत्काल गुलाबगंज थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक आकाश मिश्रा एवं पायलेट नाजिम अली ने मौके पर पहुंचकर 80 वर्षीय वृद्ध महिला को संरक्षण में लिया। डायल-112 जवानों ने बताया कि 80 वर्षीय वृद्ध महिला घर से घूमने निकली थी, जो घर की राह भटक गयी। डायल-112 जवानों द्वारा आसपास वृद्ध महिला के परिजन की तलाश एवं पूछताछ करने पर ललोई गांव के चौकीदार द्वारा बताया गया की वृद्ध महिला ललोई गांव की रहने वाली है। डायल-112 जवानों द्वारा वृद्ध महिला के परिजन को सूचित कर बुलाया, जिन्हें वृद्ध महिला द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत परिजन के सुपुर्द किया।

# वन चौकी के 200 मीटर दूर सागौन कटाई, वन विभाग रोकने में नाकाम

**समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो धीरे धीरे जंगल खात्मे की और बढ़ जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद

*सवाल उठता है कि आखिर चौकी में तैनात कर्मचारी कर क्या रहे थे? क्या यह सीधी-सीधी लापरवाही है या फिर मिलीभगत?*



गुरुवार रात रेंज वन चौकी से महज़ दो सौ मीटर की दूरी पर बड़ी फील्ड में चार सागौन के पेड़ काटकर चोर ले गए। इससे पहले भी एक माह पहले लकड़ी चोर तीन पेड़ काट ले गए थे। अब वन अमला मौके पर पहुंचकर कागजी खाना पूर्ति में लगा हुआ है।

शमशाबाद नगर से लगी वन भूमि पर 15 वर्ष पूर्व प्लांटेशन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में सागौन पेड़ लगाए गए जो अब 20 से 18 फिट ऊंचे हो गए हैं। जिन पर अब लकड़ी चोरों की नजर है। पेड़ों को लकड़ी चोर मौका देखकर काटकर सिल्लियां बनाकर ले जा रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि चौकी के पास ही चार पेड़ सागौन के लकड़ी चोर काट कर ले गए और वनकर्मियों को भनक तक नहीं लगी। सुबह जंगल में गए लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। लगातार हो रही घटनाओं से साफ है कि चोरों के हौसले बुलंद हैं और वन विभाग पूरी तरह नाकाम। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे क्षेत्र की हरियाली खात्मे की ओर बढ़ जाएगी। अब देखना है कि विभाग कब जागता है और चोरों पर नकेल कसता है। इस संबंध में एसडीओ वन विभाग तरण देहरिया का कहना है कि जांच करवाता हूं। जल्द ही कार्यवाही करेंगे।

# शोध की वैचारिक नींव पर दिया जोर

**डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय संस्थान के प्राचार्य ने दिए शोध के निर्देश**

### 'मशीन लर्निंग' विषय पर व्याख्यान दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

एसएटीआई में उन्नत कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हुआ। सम्मेलन के दूसरे दिन के सुबह के सत्र की शुरुआत मुख्य व्याख्यान से हुई। जिसे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी संस्थान झाबुआ के प्राचार्य डॉ. उमेश बनोधा ने प्रस्तुत किया। उनका मुख्य विषय 'शोध की वैचारिक नींव था।

डॉ. बनोधा ने शोधार्थियों को शोध के लिए महत्वपूर्ण निर्देश और नैतिक पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार शोध एवं विकास के लिए कई अनुदान प्रदान कर रही है। इसलिए वास्तविक समस्याओं को हल करने का यह एक बेहतरीन अवसर है। उन्होंने मौलिक कार्य की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि काम मूल और नकल रहित होना चाहिए।

दूसरे सत्र में सम्मेलन की संयोजक और विभाग प्रमुख डॉ. कनक सक्सेना ने 'मशीन लर्निंग' विषय पर व्याख्यान दिया। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर और संस्थान के निदेशक डॉ. वाईके जैन ने नेशनल कॉन्फ्रेंस की बधाई दी। सम्मेलन के दौरान शोधार्थियों को शोध के नैतिक सिद्धांतों और मौलिकता पर गहराई से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आयोजन समिति के सदस्य डॉ. प्रणीता जैन, प्रो. सतीश पवार, डॉ. शैल चूघ, प्रो. डीआर साहू, डॉ. राशि कुमार, उषा टिग्गा, गरिमा जैन, नूपुर मोध, रुचि ठाकुर, ज्योति सोनकर, रुचि श्रीवास्तव, शीना कुमार, स्मृति दुबे, अंकुर मिश्रा, दीपिका शर्मा, शोभा कटारे, मनीष शुक्ला, प्रतीक पांडे, राजेश चौरसिया और चैन सिंह उपस्थित रहे।

**फिनिशिंग और पैकेजिंग को बाजार की प्रतिस्पर्धा के अनुरूप आकर्षक बना रहे**

# दीपावली पर इस बार मिलेंगे गोमय दीपक

**इस बात का रखा है ध्यान कि उपभोक्ताओं को अधिक कीमत पर न खरीदने पड़े।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



जनसरोकारी सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में कलेक्टर अंशुल गुप्ता की प्रेरणा और सतत प्रयास अब फल देने लगे हैं।

स्थानीय स्तर पर निर्मित गोमय दीपकों को बाजार से अत्यधिक मांग प्राप्त हो रही है। ग्रामीण महिलाओं और स्व-सहायता समूहों के लिए यह पहल न केवल आत्मनिर्भरता का अवसर बनी है बल्कि उद्यमशीलता की पहचान और चुनौती भी प्रस्तुत कर रही है। इस पहल के अंतर्गत तीन प्रमुख शर्तों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सस्ती कीमत दरों पर सहजता से प्राप्ति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। दीपकों का मूल्य ऐसा तय किया गया है जिससे विक्रेताओं को उचित मार्जिन मिले और उपभोक्ताओं को भी वह अधिक कीमत पर न खरीदने पड़ें। गुणवत्ता और आकर्षण गोमय दीपकों की क्वालिटी, फिनिशिंग और पैकेजिंग को बाजार की प्रतिस्पर्धा के अनुरूप आकर्षक बनाया जा रहा है। उपभोक्ताओं को समय पर आपूर्ति के लिए विशेष बल दिया गया ताकि दीपावली के कम से कम 10 दिन पूर्व दीपकों की डिलिवरी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि बाजार की मांग पूरी की जा सके।

### सामाजिक-आर्थिक विकास का सबसे बड़ा उत्सव

इस जनसरोकार से रोजगार सृजन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। दीपावली के पर्व पर जब गोमय दीपकों की रोशनी घर-घर पहुंचेगी, तब यह न केवल परंपरा का सम्मान होगा बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती और आत्मनिर्भर भारत का उज्ज्वल उदाहरण भी बनेगा। पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के उप संचालक डॉ एनके शुक्ला ने बताया कि हमारी कोशिश है कि ग्रामीण समाज की मेहनत का मूल्य उन्हें मिले। गोमय दीपक न केवल पर्यावरण हितैषी और पारंपरिक संस्कृति के वाहक हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव भी हैं। हर घर की दीपावली इन दीपकों से रौशन होगी तो यह सामाजिक-आर्थिक विकास का सबसे बड़ा उत्सव होगा।

## बासौदा मंडी भाव


गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-2975
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2480
उच्चतम भाव- 2770
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2480
उच्चतम भाव- 2600
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5570
मसूर
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6515
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2590
उच्चतम भाव- 2961
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4530
सरसों
न्यूनतम भाव-3250
उच्चतम भाव-6881
मूंग
न्यूनतम भाव-3015
उच्चतम भाव-3015
उड़द
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5890
बटरी
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-5890
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव- 2755
धनिया
न्यूनतम भाव-6300
उच्चतम भाव- 6651

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 7774 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

**विभिन्न रुपों में विराजी मां भवानी ..**


गंजबासौदा। पाठशाला ग्राउंड में लगी मां दुर्गा की सुंदर झांकी के आकर्षण का केन्द्र सफेद बाघ बना हुआ है


गंजबासौदा। रेलवे स्टेशन परिसर में ऑटो यूनियन द्वारा लगाई गई झांकी


गंजबासौदा। हरदूखेड़ी फाटक पर लगी मां काली की विशाल झांकी

### बेतवा नदी गंज घाट पहुंचकर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

# प्रशासनिक अधिकारियों व विहिप पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






शुक्रवार को दोपहर 12 बजे विश्व हिन्दू परिषद एवं हिन्दू उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने स्थानीय गंज घाट पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संतोष बिटौलिया ने विसर्जन स्थल पर पुराव कराने, बैरीकेडिंग कराने, लाईट लगाने आदि के निर्देश नपा सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव को दिये गए। इस दौरान एसडीएम बिटौलिया ने कहा कि नदी को प्रदूषण मुक्त रखने की जबाव देही हम सबकी है। इसीलिए पीओपी की प्रतिमाओं के लिए अलग से कुंड बनाया जायेगा एवं पूजन सामग्री अलग कुंड में डाली जायेगी। विसर्जन के पश्चात सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से नदी की सफाई भी कराई जाएगी। विसर्जन के दौरान गंज घाट को वन-वे रखा जायेगा। वाहनों को घाट से कुछ दूरी पर रोका जायेगा जहां वे आरती पूजन कर सकेंगे पश्चात क्रमशः धीरे धीरे वाहन विसर्जन स्थल पहुंचेंगे जहां हाइड्रा के माध्यम से विसर्जन किया जायेगा। इस दौरान तहसीलदार अरविंद यादव, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे, विहिप प्रांत गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, विहिप विभाग विशेष संपर्क प्रमुख नितिन सक्सेना, जिला मंत्री अभिषेक शर्मा, प्रांत शोषल मीडिया प्रमुख सत्यम दुबे, बजरंग दल नगर संयोजक भजन प्रजापति, ऊहर प्रखंड संयोजक अतुल ठाकुर, सह संयोजक सौरभ गुर्जर एवं पार्षद नारायण सोनी, हिन्दू उत्सव समिति के संयोजक सुमित मिश्रा, धीरेन्द्र सिकरवार, राहुल शर्मा तथा नगरपालिका इंजीनियर सुनील शर्मा, मोहिनी किरार, मुन्ना महाराज, वरूणेन्द्र चौबे सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचलों में दुर्गा उत्सव की धूम है। इलाके भर में सताधिक स्थानों पर मां दुर्गा के पांडाल सजाकर आकर्षक झांकियां सजाई गई हैं जहां नवमी तक मां दुर्गा की पूजन अर्चन, हवन के पश्चात दशहरा के लिए चल समारोह का आयोजन होगा। तत्पश्चात बेतवा नदी के गंज घाट पर चयनित स्थान पर दुर्गा झांकियों का विसर्जन किया जाऐगा।


गंजबासौदा। मिल रोड एकता चौक पर बिराजमान मां अम्बे की सुंदर झांकी


गंजबासौदा। वार्ड एक फ्रीगंज के पास भारत माता के रुप में विराजी मां दुर्गा


गंजबासौदा। ग्राम रोजरु में ग्रामीणों द्वारा लगाई मां दुर्गा की सुंदर झांकी


गंजबासौदा। रेलवे स्टेशन राजेश माहेश्वरी द्वारा लगाई गई मां दुर्गा की झांकी

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी केन्द्र पर कार्यक्रम आयोजित

**गंजबासौदा।** इन दिनों पोषण



माह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत सेक्टर बरेठ के अंतर्गत आने वाले ग्राम नसीदपुर में पोषण माह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण महिलाओं, बच्चों को प्रतिदिन नई नई गतिविधियां कराई जा रही हैं। जिनमें पोषण प्रदर्शनी, स्वास्थ्य कैंप, स्तनपान दिवस के रुप में मनाया जाता है। बच्चों को योगा करवाया गया। योगाभ्यास की गतिविधियों में शासकीय शाला की शिक्षिका सावित्री रिछारिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी रघुवंशी, सहायिका ममता मालवीय, आशा कार्यकर्ता सोनम जैन सहित अनेक महिलाऐं मौजूद रहीं।

### शिवानी मीणा ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

**गंजबासौदा।** 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय बालक, बालिका फ्री स्टाइल अंडर-17 एवं अंडर-19 कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 26 सितंबर तक सीहोर में किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से बालक-बालिकाओं ने दमखम दिखाया। फाइनल मुकाबले में सागर की प्रतिभागी के साथ कड़े संघर्ष के बाद नगर के बजरंग व्यायामशाला की शिवानी मीणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। शिवानी की जीत से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। अब शिवानी मीणा आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो दिसंबर 2025 में गोरखपुर उत्तर प्रदेश में आयोजित होने जा रही है। स्थानीय खेल प्रेमियों और परिजनों ने शिवानी की इस जीत पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दी हैं।



## सेवा भारती ने किया कन्या पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेवा भारती के द्वारा आदित्य परिसर में नवरात्रि के अवसर पर कन्या पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे रेड क्रॉस मध्यप्रदेश के द्वारा उपलब्ध करवाई गई, पारिवारिक सुरक्षा किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर के सेवा केंद्रों से आई हुई कन्याओं द्वारा देवी माता के विभिन्न रूपों को धारण किया गया, जो की कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में सबसे पहले कन्याओं के चरणों को पखारकर व तिलक लगाकर माता की चुनरी पहना कर कन्याओं का पूजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जिला संघ चालक विनोद शाह, विभाग समन्वयक राजेश भार्गव, जिला अध्यक्ष राजेश माथुर, मीडिया कंप्यूटर के संचालक कमलेश शर्मा, नगर अध्यक्ष सावन अग्रवाल, मयंक टांक, माधव सुहाने सहित सभी केन्द्रों की संचालिकाएं व कन्याएं उपस्थित रहीं।

### आंगनबाड़ी केंद्रो पर हो रहा पोषण माह का आयोजन

**गंजबासौदा।** इन दिनों आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। आंगनबाडी केन्द्रों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है, ऊहर में पोषण माह के दौरान महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता और सजगता के लिए शपथ दिलाई गई। सेक्टर पर्यवेक्षक रजनी राय के द्वारा बताया गया पोषण माह का किया जा रहा है। पोषण माह मुख्यतः स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार से पूरे माह की अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस पोषण माह का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों व उपज को बढ़ावा देना जागरुकता लाना है। कार्यक्रम में स्थानीय उत्पादों और खिलौनों, पौष्टिक खाद्य पदार्थ के उपयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका महिलाओं ने पोषण प्रदर्शनी में भाग लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, महिलाएं, सुपरवाइजर, किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन दल ने किया निरीक्षण

**गंजबासौदा।** गत दिवस नगर स्थित किराना एवं ड्राई फ्रूट दुकानों का निरीक्षण किया नवरात्रि उत्सव के उपलक्ष्य में फलाहार में प्रयुक्त की जा रही किराना सामग्री का निरीक्षण किया गया। इस दौरान दुकानदारों को गुणवत्तापूर्ण फलाहार सामग्री, साबूदाना , मूंगफली दाना एवं अन्य का विक्रय करने का निर्देश जारी किए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा साबूदाना, मूंगफली दाना, ड्राई फ्रूट आदि फलाहार में प्रयुक्त की जाने वाली खाद्य सामग्रियों का नमूना जांच हेतु लिया। नमूना निरीक्षण कार्रवाई खाद सुरक्षा अधिकारी संदीप वर्मा एवं किरण श्रीवास्तव द्वारा की गई।

### विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति कार्यक्रम संपन्न

# दुर्गावाहिनी की बैठक में हुआ शस्त्र पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विश्व हिन्दू परिषद की महिला शाखा मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की बैठक बालाजी नगर स्थित विहिप जिला कार्यालय अशोक भवन में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मातृशक्ति की विभाग संयोजिका ज्योति वर्मा ने कहा कि हमारे देश में अनादि काल से शस्त्र पूजन की परंपरा रही है। आज के समय में भी शस्त्रों का विशेष महत्व है खासकर महिलाओं और युवतियों को भी आत्मरक्षा की दृष्टि से अपने पास कोई न कोई शस्त्र जरूर रखना चाहिए। जिससे उनमें आत्मविश्वास बना रहेगा और वे हर परिस्थिति से लड़ने में सक्षम होंगी। विहिप जिलाध्यक्ष मुकेश सेन ने कहा ने आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। पाकिस्तान के विरूद्ध सिंदूर अभियान का नेतृत्व भी भारत की महिला शक्ति ने ही किया था। जिला मंत्री अभिषेक शर्मा ने मातृशक्ति और दुर्गावाहिनी की स्थापना और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान माता बहनों द्वारा शस्त्र पूजन कर देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के तत्पर रहने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मातृशक्ति जिला संयोजिका स्वदेश छावड़ा, बजरंग दल नगर संयोजक भजन प्रजापति, जिला सह संयोजिका मनोरमा भार्गव, मेघा भार्गव, संजना अहिरवार, कामिनी बघेल, गुंजन सोनी, वैष्णवी रैकवार, नैन्सी तिवारी, तनिष्का तिवारी, नोमिषा कुशवाहा, राधा तिवारी, अनुष्का दांगी, राधिका, प्रीति ताम्रकार, आस्था ताम्रकार, वैष्णवी, मधु, पूर्वी, मेघा भार्गव सहित मातृशक्ति उपस्थित थीं।

### शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय में साहित्यिक पक्ष का आयोजन

**गंजबासौदा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी की अवधारणा को जन जन तक पहुंचाने एवं अपने के उद्देश्य से स्वदेशी शक्ति राष्ट्र शक्ति अपने आत्मनिर्भर भारत बनाएं हेतु स्वदेशी जागरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार को प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को केवल स्वदेशी अपनाना ही आत्मनिर्भर भारत का मार्ग है पर साहित्यिक पक्ष का आयोजन आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बतलाया कि महात्मा गांधी को 1930 के दशक मैं जेल के अंदर चरखा काटते हुए दिखाना ही स्वदेशी जागरण का उदाहरण है। स्वदेशी जागरण सप्ताह का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से भारत को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि भारत अपनी जरूरत के लिए अन्य देशों पर निर्भर ना रहे, टास्क प्रभारी डॉक्टर बीके प्रजापति ने स्वदेशी की महत्ता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुमनलता गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन सिर्फ प्रचार के लिए नहीं बल्कि लोगों को वास्तविक रूप से अपनी जीवन शैली में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम अनामिका उपाध्याय, द्वितीय आशुतोष उपाध्याय , तृतीय श्रेया भार्गव रहीं। वहीं संगीत में प्रथम मानसी तिवारी, द्वितीय परी रघुवंशी रहीं। कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन डॉ. सुनील पाटीदार ने किया एवं विद्यार्थियों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. मनीष दुबे, डॉ. पवन जैन, डॉ. घनश्याम चौकसे, डॉ. सुधा पाठक, भावना रघुवंशी, डॉक्टर विकास, अभिषेक सिंह, डॉ. आर डी जाटव, शिवानी गौर सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# ऑनलाइन बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबधित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की राष्ट्रीय कोर कमेटी की ऑनलाइन बैठक मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक डॉ. इन्द्रेश कुमार वरिष्ठ प्रचारक व राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। वेबतरंग बैठक की जानकारी देते हुऐ गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया इंद्रेश कुमार ने कहा जब भी पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब सुकून मे होते उनके पास से ठंडी हवाओं का झौका गुजरता तो वो बताते यह हवाऐ पूर्व दिशा हिदुस्तान भारत से आ रही है। भारत अमन चैन सुकून और शांति का मुल्क है। भारत मे हजारो पैगम्बर साधु संतो पीर फकीरो ने जन्म लिया इस पवित्र पावन भूमि का स्पर्श करने देवता भी तरसते है। इन्द्रेश कुमार ने अपने उद्बोधन मे दंगा-फसाद मुक्त भारत बनाने का आह्वान करते हुऐ कहा हम हमेशा से एक है एक थे एक रहेगे दुनिया की कोई भी असुरी ताकत हम भारतीय को अलग नही कर सकती। हम सबको विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत बनाने अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुऔ का इस्तेमाल करना चाहिए। दिल्ली मे 27 सितंबर सुबह नौ बजे से तालकटोरा होने वाले भारत के सबसे बड़े मुस्लिम महासम्मेलन मे हम सब एक साथ शिरकत करेंगे, मिलकर भारत माता की जय करेंगे। इस सम्मेलन से तालीम तहजीब और तरक्की की एक नई राह खुलेगी। अब तक मुस्लिम समाज को वोट बैक समझा जाता रहा है मुस्लिम राष्ट्रीय मंच समुदाय को न केवल नेतृत्व कारी बना रहा है बल्कि राष्ट्र की मुख्यधारा मे भी ला रहा है। बैठक में राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजाल, शाहिद अख्तर, शालिनी अली, अबू बकर नकवी, एस के मुददीन, अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक राष्ट्रीय संत मोहम्मद फैज खान, इमरान चौधरी सहित अनेक पदाधिकारीगण ने शिरकत की।

विधायक सप्रे के बिगड़े बोल पर मचा बवाल

# मुख्यमंत्री को कुरवाई का कार्यक्रम कर देना चाहिए निरस्त: बोहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भाजपा विधायक हरि सिंह सप्रे के महिलाओं के प्रति दिए गए विवादित बयान को लेकर जिले भर में आक्रोश फूट पड़ा है। विधायक ने मंच से यह कहते हुए महिलाओं का अपमान किया है कि ह्हम फ्री फोकट के पैसे दे रहे हैं, अगर भीड़ में नहीं आएगी तो पैसे कटवा दिए जाएंगे। इस बयान को कांग्रेस ने महिला के सम्मान पर सीधा हमला बताते हुए भाजपा से तत्काल सप्रे को पार्टी से निकालने की माँग की है। पूर्व विधायक प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी एडवोकेट सुभाष बोहत ने कहा कि भाजपा के विधायक लगातार जनता और विशेषकर महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ऐसे नेता को संरक्षण देकर महिला सम्मान पर कुठाराघात कर रहे हैं। यह भाजपा की मानसिकता उजागर करता है, इसलिए मुख्यमंत्री को तुरंत कुरवाई का कार्यक्रम निरस्त करना चाहिए और सप्रे को बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए। पूर्व जिला पंचायत नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट सुभाषिनी बोहत ने कहा कि भाजपा महिलाओं को केवल वोट बैंक समझती है। मुख्यमंत्री की चुप्पी और विधायक के ऐसे बयान महिलाओं के आत्म सम्मान पर सीधा प्रहार हैं।



### भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने

*जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा अब जनता के सामने आ गया है। मुख्यमंत्री यदि सच में महिला सम्मान के पक्षधर हैं तो उन्हें तत्काल विधायक को हटाना चाहिए। अन्यथा यह साबित होगा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी ऐसे बयानों का समर्थन करता है। मानव अधिकार संरक्षण परिषद अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हाजी नदीम जावेद खान ने कहा कि भाजपा का महिला विरोधी चेहरा उजागर हो चुका है। मुख्यमंत्री को चाहिए कि वे तुरंत विधायक सप्रे को पार्टी से निकालकर महिलाओं से माफी मांगें। भाजपा ने हर बार महिलाओं को अपमानित किया है और यह बयान उसकी गंदी सोच का उदाहरण है।*

### भाजपा का महिला सम्मान का नारा खोखला

*महात्मा गांधी स्वच्छता प्रहरी संरक्षण कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वसुंधरा चंदेलिया ने कहा कि महिलाओं के अपमान पर भाजपा मौन रहकर अपराध कर रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव यदि चुप रहते हैं तो यह उनकी सहमति मानी जाएगी। ऐसे विधायक को पार्टी में रखना भाजपा के चरित्र को उजागर करता है। पूर्व पार्षद एडवोकेट आशा बोहत ने कहा कि भाजपा का यह रवैया शर्मनाक है। विधायक सप्रे ने खुले मंच से महिलाओं को अपमानित किया है और मुख्यमंत्री का मौन रहना महिलाओं की पीड़ा के साथ विश्वासघात है। कांग्रेस इस मुद्दे को सड़कों पर ले जाएगी। वही महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियंका किरार ने कहा कि भाजपा का महिला सम्मान का नारा खोखला साबित हो गया है। मुख्यमंत्री को चाहिए कि तुरंत विधायक को बाहर कर माफी माँगें अन्यथा प्रत्येक तहसील में भाजपा विधायक का पुतला दहन होगा और महिला कांग्रेस बड़ा आंदोलन छेड़ेगी।*

## जीएसटी बचत के उत्सव पर विधायक ने निकाली रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

विगत दिवस देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जीएसटी 2.0 अंतर्गत जीएसटी की दरों में कटोती करने के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल अंतर्गत टीव्हीएस शोरूम से छत्री नाका तथा छत्री नाका तक स्मार्ट पाइंट तक भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकाली गई।

विधायक श्री शर्मा ने इस दौरान उन्होंने जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद व्यापारियों और उपभोक्ताओं को मिलने वाली सीधी राहत और आर्थिक लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह कदम स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और व्यापार में वृद्धि सुनिश्चित करने भारत को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा। सभी व्यापारियों और जनता ने इस पहल का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री और भाजपा सरकार को धन्यवाद प्रकट किया। इसके अतिरिक्त, विधायक श्री शर्मा ने सभी से स्वदेशी उत्पादों को खरीदने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प में योगदान देने की अपील भी की। इस अवसर पर विधायक श्री शर्मा द्वारा टीव्हीएस मोटर साइकिल शोरूम जाकर स्वदेशी का स्टीकर चिपकाया और शोरूम संचालक संदीप शर्मा से जीएसटी दर कम होने के संबंध में चर्चा की।






## शाम होते ही गरबा पंडाल शगुन मैरिज गार्डन में सुनाई देने लगते हैं गरबा के गीत


# शहर में मची गरबा महोत्सव की धूम, आकर्षक परिधानों में युवक-युवतियों एवं महिलाओं की टोलियां कर रही गरबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शारदीय नवरात्रि पर्व में शहर में गरबों की धूम मची है। शाम होते ही गरबा पंडालों में रौनक दिखाई देने लगती है। आकर्षक रंगबिरंगी बिजली रोशनी, परिधानों में युवतियों की टोलियां गरबा स्थल पर पहुंचने लगी हैं। देर रात तक शहर में गरबे की गूंज सुनाई देती है। जिला पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

सनातन गरबा महोत्सव रायसेन द्वारा मुखर्जी नगर कॉलोनी स्थित शगुन मैरिज गार्डन सहित अन्य जगहों पर शहर में हो रहे गरबे में गुजराती व राजस्थानी लिबास के साथ प्रतियोगी अलग अलग थीम पर यहां नृत्य करते दिखाई दे रहे हैं। वे सजावटी छतरियां, मुखोटों व स्पेशल अंदाज में गरबा करते दिखाई दे रहे हैं। परंपरागत और आधुनिकता की शानदार जुगलबंदी गरबे में देखने को मिल रही है। दस दिवसीय गरबा उत्सव के दौरान एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां भक्ति, शक्ति और संस्कृति के साथ प्रदर्शित की जा रही है। अधिकांश गरबा पंडालों में ग्रुपों में युवा युवतियां





नृत्य कर रहे हैं। पंडाल में माताजी का भव्य चमत्कारी दरबार, पर्यावरण के लिए सुरक्षित माता की प्रतिमा, दर्शकों के बैठने के लिए बेहतर व्यवस्था, महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान, महिला सुरक्षाकर्मी, पेयजल, पुलिस की चाक चोबंद व्यवस्था सभी पंडालों में दिखाई दे रही है। जिला पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे की ओर से भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि सभी गरबा स्थलों पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। गरबा खेलने के लिए युवाओं की टोलियां पारंपरिक वेशभूषा में ही हिस्सा ले रहे हैं।

कई गरबा आयोजक अपने यहां विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित कर रहे हैं। इनमें बेस्ट मेल फीमेल डांडिया, बेस्ट ड्रेस अप मेल-फीमेल, बच्चों में बेस्ट ड्रेस अप, बेस्ट डांडिया इत्यादि को पुरस्कृत भी किया जा रहा है। शहर में गरबों की धूम 26 सितंबर तक सुनाई देगी। शगुन मैरिज गार्डन मुखर्जी नगर में सनातन गरबा का आयोजन श्री खुनखुन बाग दादाजी मंदिर दरबार समिति एवं ट्रॅस्ट रायसेन द्वारा सनातन गरबा का आयोजन कराया गया।

आयोजन समिति के विकास शर्मा ने बताया कि गरबा में सनातन भारतीय संस्कृति और आधुनिक अंदाज की झलक नजर आ रही है।

गरबा महोत्सव का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, विकास शर्मा, रुपेश तंतवार आदि के द्वारा किया गया। इसके साथ अतिथियों द्वारा विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## खबर संक्षेप

### आरएसएस का पथ संचलन 7 को, तैयारियां जारी

**सिलवानी।** आरएसएस द्वारा 7 अक्टूबर को नगर में भव्य पथ संचलन निकाला जाएगा, जिसको लेकर तैयारियां की जा रही है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गठन के 100 साल पूरे होने पर संघ शताब्दी वर्ष का आयोजन किया जा रहा है। पथ संचलन को भव्य व विराट बनाने ग्रह संपर्क का कार्य स्वयं सेवकों द्वारा किया जा रहा है।

### कार ने मारी स्कूटी में टक्कर, पिता-पुत्री घायल

**सलामतपुर।** भोपाल-विदिशा हाईवे स्टेट हाईवे 18 पर बेरखेड़ी चौराहा से पास भोपाल से खुरई जा रहे थान सिंह अपनी पुत्री नेहा के साथ स्कूटी पर सवार थे इसी दौरान एक अज्ञात कार ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गई। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा अस्पताल रेफर किया।

### उन्नति ने संस्कृत श्लोक में पाया प्रथम स्थान

**बरेली।** सीबीएसई भोपाल संभाग स्तर पर आयोजित विद्यालयीन संस्कृत वाचन प्रतियोगिता में डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल की कक्षा 8वीं की प्रतिभाशाली छात्रा उन्नति स्थापक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी का मनमोह लिया। छात्रा उन्नति ने प्रतियोगिता में संस्कृत श्लोकों का सस्वर वाचन किया बल्कि शुद्ध उच्चारण शैली भावपूर्ण अभिव्यक्ति की निर्णायकों द्वारा विशेष सराहना की गई।

## हाथों में चुनरी जुबां पर माता के जयकारे

## जगह-जगह देवी भक्तों द्वारा फूल बरसाकर किया स्वागत

- जिले के प्रभारी मंत्री श्री पंवार एवं सांची विधायक डॉ चौधरी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री श्री राजपूत ने माता मंदिर में की पूजा अर्चना
- सड़क पर रहा भक्तों का सैलाब, छतों पर ही चुनरी यात्रा देखने लगी रही लोगों की भीड़, पुलिस भी रही मुस्तैदी से तैनात

# आस्था का 'महासागर' बनी 12 हजार मीटर लंबी 'चुनरी यात्रा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को लगातार 13वें वर्ष माध्यम ग्रुप द्वारा शहर में करीब 12000 मीटर देवी भक्त पैदल यात्रा करते हुए चुनरी को लेकर 18 किमी दूर खंडेरा में छोले वाली मैया को अर्पित की। ढोल नगाड़ों बैंडबाजों डीजों की धुनों के बीच सांची रोड़ स्थित माता भगवती देवी मंदिर से प्रारंभ हुई चुनरी यात्रा में जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, माध्यम ग्रुप प्रमुख एवं विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, नपाध्यक्ष सविता सेन, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिपं अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा द्वारा देवी भगवती माता मंदिर में पूजन आरती के पश्चात यात्रा की शुरुआत हुई।

चुनरी यात्रा में खेल तमाशा आकर्षण का केंद्र रहे। चुनारी यात्रा में भूत पार्टी, श्रीकृष्ण-राधा, शिव-पार्वती महाकाली की झाकियों के साथ ढोल, नगाड़े बैंड पार्टियां, डीजे, गोरिल्ला डांस, दुल-दुल घोड़ी ढपला रमतूला पार्टी, महाराष्ट्र की युवतियों युवकों का मंजीरे बजाते समूह नृत्य वीर बजरंग डांस, हाथी घोड़ों के डांस आदि कई प्रस्तुतियां दी गईं। ऊंट और घोड़ों ने भी नृत्य कर दर्शकों का मनमोह लिया।

हाथी घोड़े भी शान के साथ चुनरी यात्रा में शामिल हुए। चुनरी यात्रा में शामिल जमना सेन, अशोक सोनी शंकर लाल चक्रवर्ती जितेंद्र जीतू सोनी आदि का जगह जगह मंच पर चुनरी ओढ़ाकर फूल बरसाकर किया स्वागत। महामाया चौक पर पूर्व श्री हिउस अध्यक्ष पंडित कृष्ण मोहन, राममोहन चतुर्वेदी मित्र मंडली द्वारा जमना सेन को केलों से तौला गया। वहीं गौ-





सेवक नफीस खान उर्फ भैय्या मियां ने फूलों की बरसाकर स्वागत किया।

श्री हिन्दू उत्सव समिति के बैनर तले अध्यक्ष अनिल चौरसिया उनके पदाधिकारियों द्वारा फूल बरसाकर किया स्वागत। इसके अलावा कई अनेकों पर मंच बनाकर चुनरी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को शीतल जल, स्वल्पाहार, कैले वितरित किए।

### चप्पे चप्पे पर तैनात रही पुलिस

चुनरी यात्रा के दौरान पुलिस बल श्रद्धालुओं के बीच तैनात रहा। चुनरी थामकर चल रही महिलाओं के बीच महिला पुलिस तैनात रही। वहीं एसडीओपी प्रतिभा शर्मा कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल सहित अन्य पुलिस अधिकारी नगर सुरक्षा समिति के सदस्य भी पूरे समय व्यवस्थाएं बनाते रहे। शहर से बाहर निकलने के बाद यात्रा की रफ्तार बढ़ी रास्ते में पड़ने वाले गांवों बम्हौरी पठारी नकतरा में यात्रियों का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। चुनरी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह था।

### तलवार, बनेटी का प्रदर्शन

विधायक प्रतिनिधि जमना सेन जब अखाड़ों के पहलवानों के प्रदर्शन देख रहे थे तो उनको भी जोश आ गया। उन्होंने तलवारबाजी और बनेंटी प्रदर्शन किया। उपस्थित जनसमुदाय ने उनका हौसला अफजाई करते हुए मनोबल बढ़ाया।

### लोकल फ़ॉर वोकल अपनाना जरूरीः जमना सेन



*मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए माध्यम ग्रुप के प्रमुख जमना सेन ने कहा कि इस चुनरी यात्रा की सफलता का लगातार तेरहवां वर्ष है। हमने चुनरी यात्रा की शुरुआत पहले साल 3000 मीटर से की थी। प्रतिवर्ष चुनरी की लंबाई एक हजार मीटर बढ़ाई गई। माता के भक्त जयकारे लगाते हुए रायसेन से सागर रोड़ खंडेरा स्थित छौले वाली माता रानी के दरबार में 18 किमी का सफर पदयात्रा के साथ पूरा करते हैं। करीब 18 किलोमीटर चुनरी को थामकर जनशक्ति ने लिया स्वदेशी अपनाओ-देश बचाओं का संकल्प। वह बोले अगर भारत देश को आत्मनिर्भर बनाना है तो लोकल की वस्तुओं उत्पाद का सेवन करना शुरू कर दें।शुक्रवार को दोपहर साढ़े 12 बजे भगवती माता मंदिर से शुरू होकर छौले वाली मैय्या दरबार खण्डेरा तक निकली चुनरी यात्रा आस्था का महासागर बन गई। इस अवसर पर स्वदेशी अपनाओं-देश बचाओं का संकल्प भी दिलाया गया।*

## सुविधाअपूर्ण, नहीं हो रहा उपचार

# 70 साल पुराना पशु अस्पताल भवन हुआ खंडहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

लगभग 70 वर्षो पूर्व बना पशु चिकित्सालय भवन जर्जर, खंडहर में तब्दील हो चुका है। ऐसे जर्जर भवन में ही पशु चिकित्सालय संचालित हो रहा है। जून में बरेली आए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने क्षेत्र के विधायक, राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के आग्रह पर नये पशु चिकित्सालय भवन निर्माण की घोषणा की। तीन माह बीत गए इस दिशा में आगे की कार्यवाही और पशु चिकित्सालय भवन निर्माण की मांग बनी हुई है। जिससे क्षेत्र के बीमार, घायल पशुओं को भली प्रकार उपचार की सुविधा सहायता मिल सकें।

**खास बातें**

- पशुओं की चिकित्सा के लिए मैदानी अमले की भारी कमी
- पशुओं में फैली लम्पी वायरस बीमारी, गोट पॉक्स वेक्सीन का हो रहा उपयोग



क्षेत्र के 100 से अधिक ग्रामों एवं नगरों में 50 हजार के लगभग पशु धन है। पशुओं में लम्पी वायरस बीमारी फैलनें से वह कमजोर और लाचार हो रहे है। लम्पी वायरस का टीका न होने से पशुओं को बकरियों को लगाई जाने वाली गोट पॉक्स का टीकाकरण किया जा रहा है। पशुओं विशेष कर आवारा छुट्टा मवेशियों में बीमारी तेजी से फैल रही है।

### मैदानी अमले की भारी कमी

एक सौ से अधिक ग्राम और 50 हजार पशुओं की देखरेख, उपचार के लिए पशु चिकित्सालय में एक प्रभारी डॉक्टर, एक जल वाहक और एक सहायक के भरोसे पशु चिकित्सालय की उपचार, देख-रेख व्यवस्था बनी हुई है। वर्षो से सहायक पशु क्षेत्राधिकारियों सहित अन्य पद रिक्त बने रहने से पशु पालकों को पशु चिकित्सालय में भली प्रकार उपचार नहीं मिल पा रहा है। सरकार पशु धन में उपचार, सुविधाओं के लिए पशु पालन को बढावा देने अनेक योजनाएं चला रही है। परंतु पशु चिकित्सालय में मैदानी अमले की भारी कमी से लाभ मिलना कठिन बना हुआ है।

## पीएचई कार्यालय परिसर में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चलाया गया साफ-सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कार्यालय रायसेन में 17 सितंबर से 2 अगस्त तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत शुक्रवार को कार्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा हाथों में झाड़ु थामकर कार्यालय परिसर में फैली गंदगी को दूर किया। इसके साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक भी किया गया तथा स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर पीएचई के ईई गिरीश कामले, एसडीओ नालिन सीरोही, दीपक राय, तरुणेश वामनगया, दीपक यादव, अंजुम अख्तर,



सुरेश शाक्य सहित स्टाफ के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल रहे।

# कृषि कैसे बनेगी 'लाभ का धंधा', कृषि विभाग में मैदानी अमले की भारी कमी

## ग्राम सेवकों के स्वीकृत 23 पद, लेकिन 10 के भरोसे ग्रामीण क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

प्रदेश एवं देश की सरकार कृषि को लाभ का धंधा बनाने अनेक लाभकारी योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं के



साथ कृषि की उन्नति के लिए अच्छा बीज तकनीकि और वैज्ञानिक आधुनिक खेती के लिए कृषि विभाग का मार्ग दर्शन और सक्रिय होना भी जरूरी है।

बाड़ी स्थित एसडीओ एवं वरिष्ठ कृषि कार्यालय प्रभारियों के भरोसे बना हुआ है। बाड़ी जनपद में कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के 23 पद स्वीकृत है। वर्तमान में आधे से भी कम मात्र 10 अधिकारी संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, जिसके अंतर्गत 223 गांव, 103 गांव पंचायतों एवं लाखों एकड़ सिंचित कृषि भूमि के हजारों किसानों को कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ जानकारियां उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी बनी हुई है।

### मार्गदर्शन का अभाव

संपूर्ण बाड़ी विकासखंड के सवा दो सौ ग्रामों को छोटे-छोटे कृषि अधिकारी क्षेत्रों में दशकों पूर्व विभाजित कर एक-एक ग्राम सेवक को जिम्मेदारी थी। पिछले दशकों में किसानों की संख्या बढ़ी, कृषि करने के तरीकों में बदलाव आया। पहले किसान वर्ष में एक बार फसल पैदा करते थे। फिर सिंचाई सुविधा का लाभ उठा कर दो फसलों की खती की जाने लगी। अब किसान वर्ष में 3-3 फसलों का उत्पादन करने के साथ जमकर सब्जियों का भी उत्पादन कर रहे है। विगत वर्षो में कृषि विभाग का अमला निरंतर कम होने की स्थिति बनने लगी। जैसे कृषि विभाग में अधिकारी और कर्मचारी सेवानिवृत हुए उनके स्थान खाली हुए परंतु पदों को भरने के प्रति कृषि विभाग उदासीन बना हुआ है। कृषि विभाग में एसडीओ, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारियों के पद रिक्त बने हुए है, और प्रभारियों के भरोसे कार्य चल रहा है। एक-एक ग्रामीण कृषि अधिकारी के पास 25-30 ग्रामों की जिम्मेदारी से कृषि विभाग की विभिन्न लाभकारी योजनाओं का निचले स्तर ग्रामों तक प्रचार प्रसार और क्रियान्वयन और मार्गदर्शन के अभाव में योजनाओं का लाभ मिलना और आधुनिक वैज्ञानिक जैविक खेती की और किसानों का आगे बढना कठिन हो रहा है।

## भाजपा नेता महेंद्र सिंह एवं जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने रखे विचार

# पं.दीनदयाल जयंती पर भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छता अभियान पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर सगोष्ठी को लेकर भाजपा जिला कार्यालय रायसेन में संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने विस्तार पूर्वक अपने विचार रखें।

सर्व प्रथम संगोष्ठी कार्यक्रम का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष श्री शर्मा एवं श्री सिंह का पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। संगोष्ठी कार्यक्रम में सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए सर्वप्रथम भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि एकात्म एवं मानववाद के प्रणेता रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय की हम जन्म जयंती संगोष्ठी के रूप



में मना रहे हैं। आज बड़ा सुखद दिन है कि उनके द्वारा बताए सदमार्ग का अनुसरण कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की वजह से ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। निश्चित ही हम उनके बताए मार्ग पर चलकर पार्टी और देश की सच्ची समाज सेवा कर कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के माध्यम से जो भी कार्य किए वह हमारे लिए हमेशा प्रेरणादाई रहेंगे। पंडित उपाध्याय चाहते थे कि समाज के अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। समाज का कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे उनका सपना था कि भारत पूरी दुनिया में आगे चल कर अग्रणी पंक्ति में गिना जा सके। आज उनका यह सपना साकार हो रहा है, उन्होंने हमेशा एकात्म और मानववाद पर जोर देकर काम किया है। उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमेशा वह हमारे प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे।

इस अवसर पर संगोष्ठी कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित उपाध्याय ने अंत्योदय को लेकर जो कार्य किया। वह देश हित में किया और समाज के अंतिम व्यक्ति की उन्नति के लिए उन्होंने अपनी मजबूत सोच से सबको एक समान रूप से चलाने का प्रयास किया। वास्तव में पंडित उपाध्याय हमारे लिए हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे आज उनकी ही देन है कि हमें भारतीय जनता पार्टी का इतना बड़ा स्वरूप देखने को मिल रहा है।

इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राकेश तोमर, वर्षा लोधी, महामंत्री राजेश पहलवान पंथी, जिला मंत्री बृजेश चतुर्वेदी, वीर सिंह पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सिद्दीक सिद्दीकी, जीतू ठाकुर, बबलू ठाकुर, मीडिया प्रभारी सीएल गौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।